हरिभूमि


# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

04 दो मुनि संघ का राघौगढ़ में हुआ ऐतिहासिक...



07 पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में महाराजा नाभिराय का...





## समाचार संक्षेप

### नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज में सीएम हेल्पलाइन एवं पट्टा सर्वे को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**चाचौड़ा।** नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज में परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं पट्टा सर्वे आवास योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।परियोजना अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने सीएम



हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी कर्मचारियों को शत-प्रतिशत शिकायतों का शीघ्र निराकरण (कटवाने) करने के लिए सख्त निर्देश दिए। आपके साथ राघौगढ़ सीएमओ तेजसिंह भी थे उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पट्टा सर्वे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देशबैठक में पट्टा सर्वे एवं आवास योजना के प्रगति कार्यों पर भी चर्चा की गई। श्री श्रीवास्तव ने संबंधित अमले को पट्टा सर्वे का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु आदेशित किया, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है, तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी जनहित से जुड़े कार्यों को गंभीरता से करें।

### जलेबी महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी गोस्वामी विट्ठलनाथ की 510वीं जयंती

**गुना।** गुसाईं विट्ठलानाथ की जयंती का भव्य शुभारंभ शुक्रवार12 दिसंबर से अखंड नाम जाप के साथ शुरू होगा। अंचल के पुष्टिभक्ति केंद्रों एवं शहर के श्रीनाथ जी मंदिर में अखंड जाप के साथ शुक्रवार से कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं । अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख कैलाश मंथन ने मुताबिक पुष्टिमार्गीय केंद्रों पर 12,13दिसंबर को आयोजित कार्यक्रमों के दौरान अखंड नामजप, प्रभातफेरी, विशेष मनोरथ, पलना महोत्सव, तिलक आरती आदि कार्यक्रम भव्यता से संपन्न होंगे। इस मौके पर 13 दिसंबर को श्रीनाथ मंदिर गुना में प्रातः प्रभातफेरी शहर के प्रमुख मार्गों निकाली जाएगी। वहीं अंचल के 250 ग्रामों एवं अन्य पुष्टिमार्गीय भक्ति केंद्रों, सत्संग मंडलों सहित अंचल में गुंसाई की जयंती पर विशेष उत्सव संपन्न होंगे। ध्यान रहे अंचल में पुष्टि भक्ति केंद्रों से जुड़े ढाई लाख से अधिक श्रीकृष्ण भक्त पुष्टिमार्ग वैष्णव संस्थानों से जुड़े हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना में नसबंदी शिविर का आयोजन

**गुना ।** बुधवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के लिए नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जनसंख्या स्थिरीकरण एवं मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर में 30 महिलाओं का पंजीयन किया गया एवं सभी का सफल नसबंदी ऑपरेशन संपन्न हुआ। शिविर में ऑपरेशन की जिम्मेदारी सर्जन डॉ. बी. एल. कुशवाह द्वारा कुशलता पूर्वक निभाई गई। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा टाटिया के निर्देशन में डॉ. स्वाति शर्मा (एसएमओ, म्याना) ने बैठक व्यवस्था, प्री-ऑपरेशन जांच, परामर्श एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया। शिविर के संचालन में आभा शर्मा बीपीएम,धर्मेंद्र मौर्य (BEE), मोहन सिंह, पंकज रघुवंशी, राजेश भार्गव एवं स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्टाफ द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। सभी लाभार्थी महिलाओं के साथ उनकी आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने पंजीयन से लेकर काउंसलिंग और सेवा प्राप्ति तक निरंतर सहयोग दिया।


### जिला चिकित्सालय की फिजियोथैरेपी यूनिट बनी सहारा, दर्द से मिली निजात

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय गुना में संचालित फिजियोथैरेपी यूनिट में प्रतिदिन लगभग 25 से 30 मरीजों को थैरपी का लाभ मिल रहा है। 45 वर्षीय लीला कुशवाह स्कोलियोसिस (रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन) से पीड़ित थीं, जिसके कारण उन्हें उठने-बैठने और चलने में लगातार कमर दर्द की समस्या रहती थी। यूनिट की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. एकता जैन द्वारा तीन माह तक नियमित रूप से उपचार प्रदान किया गया। निरंतर थैरपी और देखरेख के परिणामस्वरूप अब लीला कुशवाह की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, और वे सामान्य जीवन जीने की ओर अग्रसर हैं।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 187 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दृढ़ एवं परिणामोन्मुखी नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा जिले में व्यापक, सघन एवं जन-जागरूकता केंद्रित चेकिंग अभियान निरंतर और प्रभावी रूप से संचालित किया गया । अभियान के अंतर्गत गतदिनांक दिनांक 09 दिसंबर 2025 को सायं 18:30 बजे से रात्रि 21:00 बजे तक जिले में व्यापक, सघन एवं जन-जागरूकता केंद्रित चेकिंग अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया गया । इस दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना बीमा, बिना नंबर प्लेट एवं तेज़ रफ़्तार से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर किंतु संवेदनशील चालानी कार्यवाही की गई । इस संपूर्ण कार्यवाही में कुल 187 वाहनों पर 75000/-रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया। चेकिंग के दौरान



यह सामने आया कि अनेक दो-पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे । यह एक छोटी लापरवाही प्रतीत हो सकती है, परंतु दुर्घटना की स्थिति में यही भूल किसी पूरे परिवार की खुशियाँ, सपने और भविष्य छीन सकती है।इसी मानवीय दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए चालकों को न केवल रोका गया, बल्कि यह समझाया गया कि हेलमेट केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है, जो घर पर प्रतीक्षा कर रहे माता-पिता, जीवनसाथी और बच्चों की सुरक्षा की गारंटी भी है । अभियान का मूल उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि समाज में यह स्थायी चेतना स्थापित करना है कि हर जीवन अनमोल है और सड़क सुरक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है । गुना पुलिस आने वाले समय में भी आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे अभियानों को और अधिक सक्रिय, संवेदनशील एवं दृढ़ संकल्प के साथ सतत रूप से जारी रखेगी।

### एक ही तरह का घटनाक्रम, दो दिन में तीन मौतें

## खेत में पानी फेरने गए किसान की करंट लगने से हुई मौत

रबी सीजन की बोवनी के साथ खेतों में पानी फेरने का काम शुरू हो गया है। इस बीच पिछले दो दिनों में खेतों पर करंट लगने से तीन मौतें हो चुकी हैं, जो चिंताजनक है।



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार सुबह म्याना क्षेत्र के ग्राम डुंगासरा हाड़ा में खेत पर करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। इसके पहले मंगलवार को मृगवास क्षेत्र में खेत पर करंट लगने से एक महिला किसान और उसके बेटे की मौत हो गई थी।ऐसे में येआवश्यक हो गया है कि किसान अपने खेतों में पानी देने से पहले जरूरी सावधानियां बरतें डोरी, मोटर, स्टार्टर आदि की देखरेख करें और अपनी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखें, जिससे कि कोई गंभीर और दुखद घटना घटित नहीं हो।जानकारी के अनुसार डुंगासरा हाड़ा निवासी किसान जगदीश धाकड़ की बुधवार की सुबह खेत पर करंट लगने से मौत हो गई। उनके भाई रामेश्वर धाकड़ ने बताया कि जगदीश धाकड़ सुबह अपने खेत पर पानीफेरने के लिए गए थे, जहां उन्हे करंट लग गया था। खेत पर पहुंचे परिजनों ने जब उन्हे बेसुध अवस्था में देखा तो वह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने किसान जगदीश धाकड़ को मृत घोषित कर दिया।

जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक दिन पूर्व मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम बलावली में खेत पर काम कर रही महिला किसान और उसके बेटे की करंट लगने से मौत हो गई थी। बताया गया कि ललिता बाई भील मंगलवार को सुबह 11 बजे के आसपास अपने खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान वह ट्यूबवेल के लिए डाली गई लाइन की चपेट में आ गई और मौत हो गई थी। महिला को बचाने के प्रयास में उसके 5 वर्षीय बेटे की भी मौत हो गई है।

### 266 के कट्टे को 400 में बेचते आरोपी गिरफ्तार

जिले के आरोन थाना क्षेत्र में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने यूरिया खाद की कालाबाजारी करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बेच रहा था और उसके पास खाद विक्रय का कोई वैध लाइसेंस भी नहीं था। उर्वरक गुण निरीक्षक एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामदीन धाकड़ ने आरोन थाने में एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गत दिवस निरीक्षण के दौरान मुकेश कुशवाह पुत्र गुलाब सिंह निवासी सराई पनवाडीहाट को डबल लॉक केंद्र आरोन परिसर में यूरिया की कालाबाजारी करते पाया गया। आरोपी 8 कट्टे यूरिया 400 प्रति नग की दर से बेच रहा था, जबकि शासन द्वारा इसका मूल्य 266.50 निर्धारित है। पूछताछ में पता चला कि वह बिना लाइसेंस के खाद बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुशवाह के खिलाफ उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सर्दी से बचाने आज से जलेंगे शहर में आलाव



### नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ठंड का प्रकोप बढ़ने से शहर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नगर पालिका द्वारा अलाव जलाकर लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार से अलाव जलाने की व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि दो-तीन दिवस में ठंड का प्रकोप बढ़ने से शहर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थल जिनमें हॉस्पिटल में 3 प्वाइंट मैन हॉस्पिटल, जच्चा खाना नई बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन जयस्तंभ चौराहा,बस स्टैंड, रैन बसेरा जज्जी चौकी,सुगन चौराहा ,रपटा चौकी, बूढ़े बलाजी,हनुमान चौराहा, कंट चौराहा, वृद्ध आश्रम, आरोन बस स्टैंड, बैजू चौराहा, आसमानी माता मंदिर, बच्चा जेल, अंबेडकर





चौराहा, फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम, कुशमोदा चौकी,जल प्रकोष्ठ कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला न्यायालय, एवं शहर के धार्मिक स्थलों कैंट थाना, सिटी कोतवाली,आदि क्षेत्रों में जहां आमजन की देर रात तक आवाजाही रहती है, वहाँ शाम से अलाव प्रारंभ किये जाएगे। इसके अलावा समय समय पर होने वाले शासकीय कार्यक्रमों में अलाव की व्यवस्था कराई जाती है।इस हेतु अलाव जलाने के लिए टीम की गठित की गई है जो नियमित रूप से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करेंगे।

## मंदिर में आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले दंपती पहुंचे सलाखों के पीछे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और भावनाओं को पहुंचाया गहरा आघात

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बजरंगगढ़ स्थित प्राचीन माँ बीस भुजा देवी मंदिर परिसर में एक शर्मनाक घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना प्रकाश में आते ही पूरे क्षेत्र में तीव्र आक्रोश फैल गया था। सामाजिक संगठनों समेत धार्मिक संगठनों ने इस कृति की निंदा करते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई की मांग उठाई थी पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए संवेदनशील मामले पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए लोगों की आस्था पर लगी चोट पर मरहम लगाने का काम कर दिया । अब संगठनों ने मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की निंदनीय घटना की पुनरावृत्ति ना हो। क्या है ।

20भुजा माता मंदिर परिसर के हनुमान जी मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को बैठने के लिए रखी गई बेंच पर आपत्तिजनक स्थिति में अश्लील हरकत करते हुए एक दंपति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिससे धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। वीडियो वायरल होने के बाद जिलेभर के लोगों में भारी गुस्सा भडक़ उठा। हिंदू संगठनों और स्थानीय निवासियों ने इस घिनौनी हरकत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए, यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी।जनभावनाओं और घटना की गंभीरता को देखते हुए, बजरंगगढ़ पुलिस ने मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और जांच शुरू कर दी। बजरंगगढ़ थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि वीडियो प्राप्त होते ही उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक विशेष टीम गठित की गई। जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी दंपति गुना के सिंगवासा क्षेत्र से एक टैक्सी द्वारा बीस भुजा देवी मंदिर पहुंचे थे और वारदात को अंजाम देने के बाद उसी टैक्सी से वापस लौट गए थे। पुलिस ने कंट्रोल रूम के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और टैक्सी का नंबर पता किया।

टैक्सी के नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने पुष्टि की कि गिरफ्तार किए गए अज्ञात पुरुष और महिला ने मंदिर की पवित्रता भंग करते हुए आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो बनाया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। धार्मिक स्थलों पर इस तरह की ओछी और निंदनीय हरकत ने न केवल मंदिर परिसर को अपवित्र किया है, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और भावनाओं को भी गहरा आघात पहुंचाया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे कृत्य करने वालों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक स्थलों की मर्यादा भंग करने का दुस्साहस न कर सके।

### सदभावना शिविर में शामिल होंगे के राज्यपाल

**गुना।** जिला मुख्यालय पर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सदभावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर के समापन अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल के आने की संभावना जताई गई है जिसमें प्रदेश भर के विद्यार्थी भाग लेंगे।गुना में 12 से 16 दिसम्बर तक जूनियर रेडकास सोसायटी के तत्वाधान में राज्य स्तरीय सह सदभावना शिविर का आयोजन स्थानीय कांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में किया जा रहा है।उक्त आयोजन में छात्रों द्वारा लोक संस्कृति, फूड प्लाजा, ग्लोबल विपेज, केम्प फायर, नेशनल एडवेंचर आदि के आयोजन किये जायगे। उक्त शिविर में 15 दिसंबर को राज्यपाल की गुना यात्रा भी प्रस्तावित हैं। आयोजन के सफल संचालन हेतु तथा छात्रों का मनोबल बढाने हेतु विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को उक्त शिविर कार्यालयीन समय पूर्व एवं उपरांत अवलोकन हतु प्रेरित करने का कार्य सोंपा गया है।

## नप की बड़ी कार्रवाई: गिरिराज वाटिका व गायत्री पब्लिक स्कूल किए गए सील

हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज द्वारा मंगलवार को नगर में अवैध निर्माण और नियम विरुद्ध संचालित परिसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरिराज वाटिका, काजल गार्डन तथा गायत्री पब्लिक स्कूल, बीनागंज को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से नगर के गार्डन व्यवसायियों में दिनभर हड़कंप मचा रहा। नगर परिषद द्वारा पूर्व में सभी गार्डन संचालकों को नियमों के अनुसार शुल्क जमा करने एवं आवश्यक मापदंड पूरे करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, परंतु निर्धारित समय-सीमा में नियमों का पालन नहीं करने पर यह सख्त कदम उठाया गया।भवन निर्माण के लिए अनिवार्य है नगर परिषद की अनुमतिमुख्य नगर पा लि का अ धि का री ओ म त्र्यंबकेश्वर शर्मा ने



बताया कि नगर क्षेत्र में कोई भी निर्माण कार्य करने से पहले नगर परिषद से भवन निर्माण की अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नगर पालिका अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में दो भवनों का निर्माण कार्य रोक दिया गया है।प्रशासनिक अमला रहा मौजूदकार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, नगर पालिका अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर शर्मा, इंजीनियर दीपक धाकड़, इंजीनियर कान्हा नितिन शर्मा, नीलेश नामदेव, दरोगा मनीष जावा सहित नगर परिषद का समस्त अमला मौके पर उपस्थित रहा। नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद नगर में अवैध निर्माण एवं नियम विरुद्ध संचालन को लेकर अन्य संचालकों में भी सतर्कता देखी जा रही है।

### साल की अंतिम लोक अदालत 13 दिसंबर को, लाभ उठाएं उपभोक्ता

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनो को हरी झंडी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर से रवाना किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा जिला न्यायालय परिसर से विधिक सेवा प्राधिकरण, विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के वाहनों के द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा



बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों मे दोनो पक्षों में मधुर संबंध बने रहते है। इसके साथ ही उनका समय एवं व्यर्थ की धनहानि की भी बचत होती है।

उक्त अवसर पर श्रीमती वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त प्रचार वाहनों द्वारा संपूर्ण गुना जिले की नगरीय सीमाओं, बाजार, गली मोहल्लों मे जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार कर आमजन को नेशनल लोक अदालत मे आपसी राजीनामा कर अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जागरूक किया जावेगा। दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 1351 प्रकरण एवं बैंक, विद्युत एवं नगर पालिका के 6200 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये है। उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 14 खंडपीठ एवं तहसील स्तर पर 8 खंडपीठों का गठन किया गया है।

उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, क्लेम, पारिवारिक, एवं अन्य प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही बैंक, विद्युत, बीएसएनएल के साथ ही नगर पालिका के जलकर, संपत्तिकर आदि से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। आमजन दिनांक 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मे अपने प्रकरणों का आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण करा सकते है। इसके साथ ही उक्त लोक अदालत मे विद्युत कंपनी, बैंक एवं नगर पालिका द्वारा भी प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त अवसर पर सुरेश कुमार चैबे अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम, जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, शओ. पी. रघुवंशी, सुश्री शैलजा गुप्ता, राघवेन्द्र भारद्वाज, राधाकिशन मालवीय, श्रीमती सोनाली शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री मधुलिका मुले सहित अन्य न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित बैंक, विद्युत एवं नगर पालिका के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम के अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, जिला न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण गुना कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### समाजसेवी दानवीर राधेश्याम धाकड़ ने मंदिर निर्माण के लिए दिया दान

**राघोगढ़।** नगर के सांडा कॉलोनी स्थित नामनिर्मित मंदिर सांडा कॉलोनी राघोगढ़ में निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके लिए दान भी लिया जा रहा है। ऐसे ही समाजसेवी दानवीर राधेश्याम धाकड़ द्वारा मंदिर निर्माण हेतु 551000 की राशि दान राधे कृष्ण सेवा समिति को दिया समिति की ओर से सभी क्षेत्रवासियों की तरफ से बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।



### आरोन में गुरुवार को होगी मुनि संघ की भव्य आगवानी

**आरोन।** आचार्य श्री विशुद्ध सागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री अनुपम सागर जी एवं मुनि श्री निर्मोह सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश गुरुवार को आरोन में होगा।जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय प्रवक्ता सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनि संघ ने बुधवार को राघौगढ़ से दोपहर में पैदल किया था। मुनि संघ पैदल विहार करते हुए आरोन से 9 किलोमीटर दूर ग्राम शहरोक पहुंचा। मुनि संघ का रात्रि विश्राम भी ग्राम शहरोक में हुआ। जैन समाज कमेटी के महामंत्री संजय जैन कंचू, प्रदीप जैन मूडरा,आशीष कलेशिया,आशीष जैन धन्नू, मनीष कलेशिया,यश झंडा, अर्पित जैन,दीपक ब्रदर,संदेश कालादेव आशू बाखर,संचित गोयल के द्वारा ग्राम शहरोक पहुंचकर श्रीफल भेंट किए। गुरुवार को मुनि संघ का आरोन आगमन होगा।आरोन जैन समाज द्वारा राघौगढ़ रोड पर मुनि संघ की भव्य एवं मंगल आगवानी की जाएगी।



### बीएलओ एवं बीएलओ 2 की एसआईआर मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अंतरिम बैठक संपन्न

**आरोन।** एस आई आर मतदाता सूची पुनर्निक्षण अभियान के अंतर्गत पोलिंगबूथ लेवल पर बी एल ओ एवं बी एल ओ 2 के साथ मतदाता सूची अंतिम निरीक्षण पर बैठक का आयोजन आरोन नगर के विभिन्न मतदान केदो पर किया गया जिसमें मतदाता सूची में नाम को विशेष रूप से निरीक्षित किया गया जिसमें मृत मतदाता एवं अन्य स्थान पर स्थानांतरित होने वाले एवं लड़कियों की शादी होने के उपरांत नाम विलोपित किए गए हैं । मतदाताओं के एक-एक नाम को सुनकर एवं पढ़कर समझने की कोशिश की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन एसआईआर अभियान के मंडल संयोजक उपाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह कुशवाह उपाध्यक्ष श्रवण कुमार जैन उपाध्यक्ष विशाल खामोजा राकेश जैन देवेंद्र शर्मा सोनू ग्वाल लखन जाटव सौरभ श्रीवास्तव शेखर सुमन हीरालाल बुनकर पूर्ण लोधी बाला प्रजापति संजीव साहू अर्जुन कुशवाहा रामलाल कुशवाहा राजा कसेरा सचिन सप्रे आदि उपस्थित थे ।



### श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के चौथे दिन सिद्ध भगवान की आराधना

# दो मुनि संघ का राघौगढ़ में हुआ ऐतिहासिक मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

प्राचीन धर्म नगरी राघौगढ़ में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिन वह क्षण अविस्मरणीय बन गये जब निर्यापक मुनि योग सागर जी ससंघ से आचार्य विशुद्ध सागर जी के शिष्य मुनि अनुपम सागर जी, मुनि निर्मोह सागर जी का मिलन हुआ। दोनों मुनि राज ने ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि योग सागर जी महाराज की तीन परिक्रमा लगाकर बंदना की।मंगल प्रवचन करते हुए परम पूज्य आचार्य गुरुवर संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा सिद्धि एवं साधना से ही श्रृद्धियों की प्राप्ति होती है। मुनि राजों को 63 ऋद्धि प्राप्त हो जाती हैं 64 वी ऋद्धि केवल ज्ञान की प्राप्त होते ही मोक्ष मार्ग प्रशस्त हो जाता है। आपने एक कहावत सुनाते हुए कहा अग्नि सहे घनघात लोहे की संगत पाई। इस कहावत की व्याख्या करते हुए मुनिराज ने कहा अग्नि का स्वभाव पिटना नहीं है, मगर जब अग्नि लोहे की संगत में आती है तो उसे घनों से पीटा जाता है।आपने कहा हमारा स्वभाव निर्मल होता है मगरसांसारिक भोग विलास उसे मलीन बना देते हैं। मुनि अनुपम सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा हम राजस्थान से विहार करते हुए सलेहा मध्य प्रदेश में फरवरी में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के लिए जा कर रहे हैं, हमें धरनावदा में जानकारी मिली कि निर्यापक ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में राघौगढ़ में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान चल रहा है। हमने हमारी विहार की दिशा बदल दी और राघौगढ़ ज्येष्ठ श्रेष्ट मुनि योग सागर जी ससंघ के दर्शन करने की भावना से आए हैं आपने कहा विगत वर्षों नागपुर नगर में मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ का चातुर्मास चल रहा था,उस समय हमारा भी चातुर्मास नागपुर में चल रहा था। उस समय मुनिराज जी का पवन सानिध्य एवं स्नेह हमें मिला था। मुनि अनुपम सागर जी महाराज ने मुनि योग सागर जी महाराज को सम्मान देते हुए निवेदन किया कि हम यहां प्रवचन करने नहीं आए हैं, हम तो हैं यहां आपके दर्शन करने एवं आपकी अमृतमयी वाणी सुनते आए हैं। आपने राघौगढ़ नगर में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय के दर्शन कर दोनों मंदिरों के मनोज्ञ निर्माण की सराहना की। जैन समाज राघौगढ़ के धर्म के प्रति समर्पण का अनुकरण का आव्हान किया।भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं दिगंबर जैन समाज राघौगढ़ के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है आज श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिन प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं नित्य नियम की पूजन हुई। प्रातः 8:00 बजे से विधान की पूजन प्रारंभ हुई और 64 ऋद्धि धारी मुनियों के गुणों का गुणगान करते हुए 64 ऋद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ अर्घ अर्पित किए गए। आज ही विधान की पांचवी पूजा एवं 128 अर्घ भी भक्ति भाव से सभी ने विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी कटंगी के कुशल निर्देशन में चढ़ाकर पुण्य लाभ लिया। बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी ने 64 ऋद्धि सिद्धि मंत्रों की विस्तार से व्याख्या की एवं उपस्थित जनों को आवाहन किया कि 64 ऋद्धि विधान अवश्य किया करें। आज दोपहर 1:30 बजे मुनि अनुपम सागर जी एवं मुनि निर्मोह सागर जी आरोन नगर की ओर विहार कर गए।

जैन समाज राघौगढ़ ने उन्हें भक्ति भाव से विदाई दी। शाम 5:15 मुनि संघ के सानिध्य में आचार्य भक्ति हुई रात्रि 7:30 बजे सामूहिक भक्ति भाव से आरती हुई। रात्रि 8:00 बजे ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन हुए।



### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आरोन हॉस्पिटल में पीएमएसएमए शिविर का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

मंगलवार को प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत पीएमएसएमए शिविर का आयोजन आरोन हॉस्पिटल परिसर में किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं मरीजों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया।शिविर के दौरान 85 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनमें से 13 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड (USG) जांच के लिए रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन आदि की जांच की गई तथा आवश्यक दवाएँ निःशुल्क वितरित की गईं।चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, टीकाकरण, स्वच्छता, प्रसव पूर्व जांच एवं सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।यह शिविर सीबीएमओ डॉ. के. एन. भिलवारे के निर्देशन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। पीएमएसएमए शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, सुरक्षित एवं जनहितकारी बनाना है।



### भारत विकास परिषद ने कन्या छात्रावास में वितरित किए स्वेटर

**गुना।** भारत विकास परिषद (भाविप) शाखा गुना ने गत दिवस मंगलवार को सेवा भारती वनवासी कन्या छात्रावास में 56 बालिकाओं को ऊनी स्कूल स्वेटर वितरित किए। यह वितरण स्वर्गीय राम की स्मृति में राधा परिवार की ओर से किया गया।कार्यक्रम में सेवा भारती बालिका कन्या छात्रावास के अध्यक्ष भूपेंद्र धाकरे, सचिव महेश रघुवंशी और जिला सेवा भारती के सचिव मनोज रघुवंशी भी उपस्थित रहे। परिषद के सदस्यों ने बालिकाओं को स्वेटर वितरित कर उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर भाविप शाखा के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिनमें अध्यक्ष नीरज भदोरिया, कोषाध्यक्ष शशिकांत दीक्षित, सचिव सुनील रात्रा, और महिला समन्वय रेणुका रात्रा शामिल थे। वनवासी कन्या छात्रावास प्रबंधन ने राधा परिवार के सेवाभावी कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# 13 वर्षीय बच्ची का सरकारी योजना से सफल उपचार

**स्कूल जांच में दिल की गंभीर बीमारी पकड़ में आई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

आरोन रायपुर कलां के प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान RBSK टीम ने एक 13 वर्षीय बच्ची में गंभीर हृदय रोग का पता लगाकर उसकी जान बचाई। विद्यालय में पढ़ने वाली स्वार्थी अहिरवार की जांच के दौरान RBSK डॉ. लोकेंद्र कुशवाह ने दिल की धड़कन में अनियमितता देखी और तुरंत हार्ट डिफेक्ट की आशंका जताई। बाद की जांच में स्वार्थी के दिल में तीन छेद पाए गए।स्थिति को गंभीर मानते हुए बच्ची को जिला अस्पताल गुना के DEIC (शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) भेजा गया। यहाँ CHMO सर डॉ राजकुमार ऋषिश्वर जी एवं DEIC प्रभारी विनीता सोनी के निर्देश में आगे के कार्य को शीघ्र बढ़ाया तथा CBMO आरोन डॉ. K. N. Bhilware के निर्देश पर उपचार की प्रक्रिया तेज की गई।बच्ची के पिता मानसिक बीमारी से जूझ रहे हैं, ऐसे में RBSK टीम ने अन्य परिजनों से संपर्क कर बीमारी की गंभीरता समझाई और ऑपरेशन हेतु सहमति ली। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद बच्ची का संपूर्ण उपचार सरकारी योजना के अंतर्गत निशुल्क किया गया।अधिकारियों के निर्देश और RBSK टीम की तत्परता से स्वार्थी का ऑपरेशन सफल रहा और अब उसकी हालत स्थिर है। यह मामला स्कूल स्वास्थ्य परीक्षण की उपयोगिता का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।



## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कांफ्रेस कक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में कलेक्टर ने संसोधित एस.आई.आर कार्यक्रम के संबंध में बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है।

इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।



### पुलिस ने नाबालिग बालिका को शिवपुरी से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** थाना नईसरांय की पुलिस ने मात्र 72 घंटे के अंदर जिला शिवपुरी से नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 6 दिसम्बर को सोहपुर चक निवासी फरियादी द्वारा थाना नईसराय पर आकर रिपोर्ट की कि मेरी 16 वर्षीय नाबालिग बहन घर से बिना बताए कहीं चली गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नईसराय में अपराध क्रमांक 216/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी नईसरांय उनि. पुनीत दीक्षित को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नईसरांय उनि. पुनीत दीक्षित द्वारा नईसरांय पुलिस की टीम गठित कर रवाना किया गया। टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों के आधार पर अपहृता को ग्राम झंडी थाना इंदार जिला शिवपुरी से दस्तयाब कर, अपहृता के कथनों के आधार पर अपराध दर्ज किया।




### स्वास्थ्य, शिक्षा तथा महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं की बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा की

**अशोकनगर।** स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग संस्थागत दायित्वों का निर्वहन पूर्ण मनोयोग के साथ करें। जिससे शासन के निर्देशों के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन बखूबी किया जाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य,शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पोषण पुर्नवास केन्द्रों में अतिकुपोषित बच्चों को भर्ती कराकर उचित देखभाल एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। सभी संकुल प्राचार्य अपने-अपने क्षेत्रों के छात्रावास का रोस्टर अनुसार सतत निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी मैदानी क्षेत्र की प्राथमिकता तय कर भ्रमण करें तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये। उन्होंने संस्थागत प्रसव तथा होम डिलेवरी की समीक्षा कर अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागों में परामर्शदात्री समिति की बैठकें नियमित रूप से किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में मातृ शिशु एवं पोषण,प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, आंगनवाडी केन्द्रों का संचालन,संस्थागत एवं होम डिलेवरी,टेक होम राशन, पोषण ट्रेकर, पोषण पुर्नवास केन्द्र संचालन, समग्र शिक्षा अभियान, बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में सुधार,छात्रवृति, ई अटेण्डेंस, कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेस के विशेषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,महिला एवं वाल विकास,स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर सिंह ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी जानकारी

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु गतिविधियां संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता कर एसआईआर कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रेसवार्ता में कलेक्टर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गणना अवधि एवं मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनव्र्यवस्थापन 11 दिसम्बर को,12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक नियंत्रण तालिका का अद्यतनीकरण और ड्राफ्ट रोल की तैयारी की जायेगी। 16 दिसम्बर को मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन किया जायेगा। 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि रहेगी। 16 दिसम्बर से 07 फरवरी 2026 तक सूचना जारी करने का चरण (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन), गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निपटान ईआरओ द्वारा एक साथ किया जाएगा। 10 फरवरी 2026 को मतदाता सूचियों के स्वास्थ्य मानकों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना तथा 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 11 दिसम्बर 2025 को रात्रि 12 बजे तक गणना पत्रकों को भरे जाने तथा एकत्रित किये जाने का कार्य किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जिले में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजीटाईजेशन का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के 788 मतदान केन्द्रों के लिए 788 बीएलओ एवं 79 बीएलओ सुपरवाईजर की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण नवीन मतदान केन्द्र प्रस्तावित किये गये है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के लिए 22,विधानसभा 033 चंदेरी के लिए 21 तथा विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली के 12 मतदान कुल 55 नवीन मतदान प्रस्तावित किये गये है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 08 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक मतदान केन्द्र,ग्राम,वार्ड स्तर पर बीएलओ द्वारा बीएलए के साथ एएसडीआर सूची का वाचन किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्य हेतु राजनैतिक दलों द्वारा बीएलए की नियुक्ति की गई। उन्होंने बताया कि ईआरओ,एईआरओ द्वारा जिन निर्वाचकों के गणना प्रपत्र प्राप्त हो गये है,उनके नाम प्रारूप सूची में शामिल करेगें।

जिन निर्वाचकों के नामों का पिछले एसआईआर से मिलान/लिंकिंग नही हो सका,उन्हें नोटिस जारी करेगें। ऐसे मामलों की सुनवाई कर उनकी पात्रता निर्धारित करेगें और उनके नामों को अंतिम नामावली में शामिल या वर्जित करने का निर्णय लेगें। ईआरओ,एईआरओ यह सुनिश्चित करेगें कि कोई भी पात्र नागरिक न छूटे,कोई अपात्र व्यक्ति सम्मिलित न हो। ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध की गई प्रथम अपील कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से कर सकेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध की गई द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कर सकेगें।




## स्टेशन की सड़क बेहाल, रोड से गिट्टी उखड़कर निकली बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढौरा

शाढौरा कस्बे से रेलवे स्टेशन को जाने बाली सडक के हाल इन दिनो बेहाल हो चुके हैं रात दिन इस रोड पर आबागमन होने से पूरा रोड खराब हो गया है रोड में जगह-जगह गड़डे हो गए है और रोड क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ रोड की गिट्टी जगह-जगह से उखड़ कर बाहर आ गई है जिससे रोड से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर इन दिनों पैदल चलना भी दूभर हो रहा है।

कई जगह तो रोड का ही अता पता नही है कि इस जगह रोड भी थी या नही और कही कही तो सडक से जगह-जगह गिट्टी उखड गई है जिससे फिसल कर लोग गिर रहे है वही दो पहिया बाहन का चलाना भी मुश्किल हो रहा है। इस सड़क का निर्माण व मरम्मत कार्य न होने से करीब आधे किलोमीटर का यह मार्ग खराब हो गया है इसके बाद यह सड़क लगातार खराब होती जा रही है। जिम्मेदार लोगो का इस तरफ कोई ध्यान नही है दिन व दिन सडक उखडती जा रही है जिसके कारण इस सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है, वहीं वाहन चलाना भी कठिन हो रहा है।



### आज निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

**मुंगावली।** श्री 1008 श्री मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर, जीणोद्धार समिति मुंगावली द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ आज भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी, जिसमें नगर की महिलाएँ एवं श्रद्धालु भक्त परंपरागत वेशभूषा में उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे। कथा का आयोजन 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कथा-वाचन का सौभाग्य पं. सिद्धांत जी महाराज को प्राप्त है जो अपनी मधुर वाणी एवं आध्यात्मिक प्रवचनों के लिए विख्यात हैं। कथा स्थल श्री 1008 श्री मंशा पूर्ण हनुमान जी मंदिर मीठी झिरिया देवजी मंदिर के पीछे मुंगावली पर आयोजित की जा रही है। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में उपस्थित होकर तथा कथा श्रवण का दिव्य लाभ लेने की अपील की है।

## कोई भी वस्तु निरूपयोगी नही हैं, उसका उपयोग करने वाला होना चाहिए: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने पंचायती जैन मंदिर ईसागढ़ में मंगल प्रवचन करते हुए कहा संसार में कोई भी वस्तु निरुपयोगी नहीं है यदि मोला मनुष्य के लिए निरुपयोगी है तो वह सूअर के लिए उपयोगी है। नाली का गंदा पानी और कूड़ा कचरा नगर वासियों के लिए निरुपयोगी है तो खेत में उगने वाली फसल के लिए उपयोगी है। बस सही उपयोग करने वाला चाहिए।

जो वस्तु गुणवान होती है वह मूल्यवान और उपयोगी होती है। आचार्य श्री ने कहा योग विशेष शरीर स्वस्थ होता है सहयोग से पारिवारिक विकास होता है वास्तु के उपयोग से धन धान्य बढ़ता है। उपयोग जीव का परिणाम है। ज्ञान दर्शन ही जीव का उपयोग है। वस्तु का सदुपयोग करना सीखना चाहिए दुरुपयोग से बचना चाहिए यही समझदारी है। पहला सुख निरोगी काया कही गई है काया योग से निरोगी बनती है।



## डोंगरा पछार की दोहा नदी पर बोरी बंधान किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था गुरुदेव समाज कल्याण समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरा पछार तथा ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम डोंगरा पछार में दोहा नदी पर 50 बोरियों का बोरीबंधान बुधवार को किया गया।

इस गतिविधि मे बद्री प्रसाद चैहान जिला समन्वयक ने बताया कि जल संचयन अभियान के अंतर्गत इस नदी पर आज ग्रामीणों के सहयोग से बिना बजट के श्रमदान के माध्यम से बोरीबंधान किया है। इस बोरी बंधान का उद्देश्य लोगों को जल की महत्वता के बारे में बताना है। परिषद के विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया की विकासखंड की प्रस्फुटन समितियों में जीरो बजट पर बोरीबंधान किया जा रहा है। ग्राम के सरपंच राजकुमार कुमार यादव ने इस बोरीबंधान में सहयोग किया और स्वयं श्रमदान कर ग्रामीण प्रेरित किया। इस गतिविधि में नवांकुर संस्था के सचिव भूपेंद्र सिंह रघुवंशी आदि लोग मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### खुले ट्रांसफार्मर से हादसे में 2 गौवंश की मौत

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ईसागढ कस्बे में एक खुले ट्रांसफार्मर के तारों से निकले करंट की चपेट में आने से 2 गौवंश की मौत हो गई। यह घटना तहसील कार्यालय के सामने सड़क किनारे लगी डीपी में हुई। इस तरह की कईं डीपी जिले भर में अनेक जगह देखी जा सकती हैं। जिस जगह यह हादसा हुआ है वहां लोगों की भीड़ बनी रहती है आसपास दुकाने लगीं हैं। कईं बार अधिकारियों की बैठक में यह मामला भी उठाया जा चुका है उसके बाबजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### जिले को प्राप्त हुई आई.पी.एल. कंपनी यूरिया की रैक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को आई.पी.एल. कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 2225 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 731 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र नईसरायं 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 100 मे.टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर 94 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया है। रैक से प्राप्त उर्वरक यूरिया जिले की 10 सेवा सहकारी समितियों की मांग अनुसार 250 मेट्रिक टन उपलब्ध कराया गया है। सेवा सहकारी समिति अमरोद, बरखेड़ा, महीदपुर, तारई, गदूली, बीलाखेड़ी, हिरावल, रामनगर, प्राणपुर, डोंगर को 25-25 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। अशोकनगर के निजी विक्रेताओं को महाकाल ट्रेडर्स 50 मेट्रिक टन, श्री कृष्णा कृषि क्लीनिक 300 मेट्रिक टन कुल 350 मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावन निवासी सुशीला बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और दिलीप अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## आज मनाया जाएगा भगवान का जन्मोत्सव, पंच कल्याणक महोत्सव

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में महाराजा नाभिराय का दरबार सजा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पूज्य पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में यहां आयोजित किए जा रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव में कार्यक्रमों की शुरूआत भगवान की शांतिधारा, अभिषेक और पूजा पाठ के साथ हुई। इस मौके पर याग मण्डल विधान का आयोजन किया गया, इस मौके पर पंच कल्याणक महोत्सव के पात्रों और इन्द इन्द्रानियों ने अर्घ समर्पित किए। यह सम्पूर्ण आयोजन प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है जिसमें सहयोगी के रूप में मुकेश भैया हैं।

### नाभिराय का दरबार सजा

इस मौके पर रात्रि में महाराजा नाभिराय का दरबार सजाया गया। इस मौके पर महाराजा नाभिराय द्वारा प्रधानमंत्री और सेनापति से चर्चा की गई। माता मरूदेवी का सभा में आगमन हुआ, यहां माता को आए 16 स्वपनों की चर्चा की गई। 16 स्वपनों का आना किसी बड़ी घटना का सूचक है, 16 स्वपनों के फलादेस के बारे में चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि किसी महान बालक का जन्म होने वाला है माता को तरह तरह के स्वपन आते दिखाए गए। इस दौरान 56 कुमारियों द्वारा माता के दरबार में नृत्य किए गए और उस भव्य घड़ी का इंतजार किया गया। जिस भव्य घड़ी में बालक आदिकुमार का जन्म होना है।

### शहर के कई मार्गों से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

गुरुवार का दिन अशोकनगर के इतिहास में एक नया सवेरा लेकर आने वाला है। जब तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के श्री सानिध्य में आयोजित हो रहे पंचकल्याणक महामहोत्सव में तीर्थंकर बालक का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः 8: 01 बजे तीर्थंकर बालक का जन्म होगा और उसके बाद प्रातः 9 बजे से जन्मकल्याणक की महा शोभायात्रा अयोध्या नगरी, पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ होगी। इस मौके पर घर घर द्वार द्वार तोरन द्वार सजाए गए हैं, रंगोलिया बनाई गईं हैं। तीर्थंकर बालक नगर मैं प्रथम बार प्रवेश होगा, यह आयोजन शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा मैं 2 हाथी जिस पर सौधर्म इंद्र तीर्थंकर बालक को लेकर आरूढ होगें। लगभग 30 बग्गियों पर पंचकल्याणक के पात्र सवार होंगे। कई महिला संगठनों की अद्भुत प्रस्तुति शोभायात्रा की शोभा को और भी द्विगुणित करेगी। सेमारी का बैंड भी इस शोभा यात्रा में पहुंचेगा। इसके अलावा कईं बैंड एवं डी.जे. पर प्रभु भजनों और गीतों का आयोजन किया जाएगा।

आप सभी इस महा शोभायात्रा में अवश्य पधारें और तीनों लोकों के अधिपति प्रथम शासन नायक ऋषभदेव के जन्मकल्याणक महामहोत्सव के अदभुत पलों के साक्षी बनें और पुण्यसंचय करें। शोभायात्रा गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर पछाड़ी खेड़ा चैराहा, छोटे ब्रिज से गांधी पार्क, पुराना बाजार, प्रोसेशन रोड, सुराना चैराहा, इंदिरा पार्क, सुभाष गंज, स्टेशन रोड होते हुए पुनः गल्ला मंडी में पहुंचेगी। जहां पहुंचकर भगवान का जन्माभिषेक होगा। इस मौके पर गरीबों को वस्त्र वितरण किए जाएगें।

### धर्मात्मा से ही होती है धर्म की पहचान

इस अवसर पर पंच कल्याणक महा महोत्सव की विशाल धर्मसभा को संबोधित तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी धर्म की पहचान धर्मात्मा से होती है धर्मात्मा को देख कर धर्म को पहचाना जाता है। त्याग का महत्व है क्रिया का महत्व है हम अपना मन गन्दा नहीं करेंगे और न औरो का मन गन्दा करेंगे। प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त कहलाता है प्रातः चार बजे से सूर्य उदय तक सबसे शुद्ध होते हैं जिसे प्रत्यूष काल कहा जाता है यह बहुत पवित्र और पावन होता है। आप इस मुहूर्त में जो भी करेंगे बहुत शुभ होगा। ब्रह्म मुहूर्त प्रथम प्रहर में भरत चक्रवर्ती ऐसे वातावरण में रहता था जिससे मन पवित्र रहे। मंगलाचरण करो यदि तुमने मंगलाचरण कर लिया तो कोई ग़लत विचार आ गया तो भी दुसरे को बुरा नहीं होगा।

### भगवान के अवतरण का महापर्व

जैन समाज में जन्म कल्याणक का अर्थ है किसी तीर्थंकर के जन्म के समय होने वाली शुभ घटनाएं। पहली और सबसे महत्वर्पूण है जिसमें देवगण और प्रकृति मिलकर बालक का जन्मोत्सव मनाते हैं। इन्द्रो के आसन कंपायमान होते हैं। कुबेर नगरी सजाते हैं और सुमेरू पर्वत पर 1008 कलशों से अभिषेक करते हैं जिसमें 3 लोकों में आनंद और प्रकाश फैल जाता है। यह एक दिव्य उत्सव है जो भगवान के अवतरण के साथ शुरू होता है और आगे चलकर दीक्षा,ज्ञान और मोक्ष कल्याणकों के रूप में मनाया जाता है जो आत्मा की पूर्ण शुद्धि का प्रतीक है।

### खास बातें

- **देवों का आगमन :** भगवान के जन्म लेते ही स्वर्ग के इन्द्रों के आसन हिलने लगते हैं, वे जान जाते हैं कि तीर्थंकर का जन्म हुआ है, और सभी देवगण, इन्द्रों के नेतृत्व में, उत्सव मनाने पृथ्वी पर आते हैं।
- **जातकर्म** दिक्कुमारी देवियाँ प्रसूतिगृह में जाकर मायामयी पुतला रखकर भगवान को इन्द्र की गोद में देती हैं। इन्द्र 1000 नेत्रों से उनका सौंदर्य निहारते हैं।
- **ऐरावत पर यात्रा :** इन्द्र, ऐरावत हाथी पर बालक को सुमेरु पर्वत की ओर ले जाते हैं।
- **सुमेरु पर अभिषेक :** पाण्डुक शिला पर, क्षीरसागर के जल से भरे 1008 कलशों से भगवान का अभिषेक किया जाता है, (इसे श्अभिषेकश या श्जन्माभिषेकश कहते हैं) .
- **नगर प्रवेश और उत्सव :** बालक को वस्त्र-आभूषण पहनाकर नगर में धूमधाम से लाया जाता है, जहाँ देवों सहित भव्य उत्सव मनाया जाता है।
- **प्राकृतिक प्रभाव :** जन्म के समय तीनों लोकों में प्रकाश फैलता है, शीतल, सुगंधित वायु चलती है।
- **कल्याणक का महत्व :** यह सिर्फ जन्मदिन नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक घटना है जो आत्मा के शुद्ध होने और मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर होने का प्रतीक है।

### स्वयं का पुण्य स्वंय का विनाश कर रहा है




उन्होंने कहा कि स्वयं के पुण्य का स्वंय का पुण्य विनाश कर रहा है मैं अपनी खुद को वर्वाद नहीं करूंगा। दुनिया मार डाले तो कोई बात नहीं घवराना मत, मैं अपने आप से आत्मघात नहीं करुंगा। मैं अपने धन से गुटखा तंबाकू खा कर अपने जीवन को वर्वाद नहीं करूंगा। भुज के अंदर जब भूकंप आया तो बहुमंजिला इमारतों में रह रहे थे वह दबकर मर गए और सामने जो झोपड़ी में रहने वाले थे वह बच गये। कभी भगवान को गालीयां मत देना।

## किसानों ने सहमति से तार फैंसिंग हटाई

# रूके बायपास का निर्माण शुरू कराने बंगला चौराहा पहुंचा प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से जिस बंगला चैराहा बायपास का निर्माण कार्य दो सौ मीटर के हिस्से में रुका हुआ था, वह निर्माण बुधवार को समाचार प्रकाशित होते ही दोपहर तक शुरू हो गया। प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएआई एवं कंपनी के अधिकारियों के साथ बुधवार दोपहर को मौके पर पहुंचे और किसानों को बुलाकर पंचनामा बनाया।

जहां सामने आया कि शामिल खाते की जमीन में दर्ज पांच किसानों में से तीन किसानों को पूर्व में मुआवजा प्राप्त हो चुका है, जिन दो महिला किसानों को मुआवजा नहीं मिला था, उनके दस्तावेज भी बीती 26 तारीख को दोबारा भुगतान के लिए भेजे जा चुके हैं। इसके बाद मौके पर प्रशासन के समक्ष किसानों ने निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए सहमति जताई और स्वयं ही तार फैंसिंग एवं बागड़ को हटा दिया। इसके बाद कंपनी ने जेसीबी के माध्यम से मार्ग पर समतलीकरण किया। कंपनी के अधिकारियों का कहना था कि अब जल्द ही निर्माण पूरा कर देंगे।

**तीन वर्षों से रुका था बंगला चौराहा बायपास का निर्माण, मुआवजा मिलने में देरी के कारण किसानों ने रोक दिया था काम**

### अतरेज़ी में भी शुरू हुआ निर्माण

बंगला चैराहा बायपास पर काम शुरू कराने के बाद प्रशासनिक अमला अतरेज़ी पहुंचा। जहां एक किसान की जमीन में से बायपास निकला था, इस किसान ने भी कथन कराए कि उसे कुछ दिनों पूर्व मुआवजा प्राप्त हो चुका है और निर्माण में उसकी ओर से कोई बाधा नहीं है, किसान ने मौके पर खेत जाके भी बताया जहां रबी सीजन की फसल नहीं बोई गई थी।

### एनएचएआई का काम ढीला

नेशनल हाईवे के निर्माण कार्य में सबसे ढीला काम इसकी निर्माण एजेंसी का है। एनएचएआई पीडब्ल्यूडी द्वारा इसका निर्माण कराया जा रहा है। जिसके अधिकारियों के बारे में भी स्थानीय लोगों को जानकारी नहीं है। अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण का सतत निरीक्षण भी नहीं किया जाता। ग्रामीणों द्वारा कई बार नाली निर्माण में गुणवत्ता की कमी, सड़क के दर्जनों जगह धंसने संबंधी शिकायतें की जाती रही हैं लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। एनएचएआई के एसडीओ विष्णु अग्रवाल से जब इस सम्बन्ध में बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर साजिद खान ने भी फोन रिसीव नहीं किया।

**काम चालू कर दिया**

हम आज बंगला चौराहा एवं अतरेज़ी दोनों बायपास पर पहुंचे थे। मौके पर एनएचएआई और कंपनी को भी बुलाया था। दोनों जगह किसानों ने निर्माण कार्य जारी रखने पर सहमति जताई है और दोनों जगह काम भी चालू करा दिया है।
**कैलाश मालवीय,** तहसीलदार, बहादुरपुर

### माधौगढ़ में आबकारी विभाग ने शराब बनाने की सामग्री की बरामद



**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम माधौगढ में आवकारी विभाग ने शराब बनाने की फैक्ट्री जो अवैध रूप से चल रही थी वहां कार्यवाही की है। आवकारी विभाग ने ओर नदी के किनारे से 22 लोहे व प्लास्टिक की टंकियो में भरा 8200 लीटर महुआ लहान बरामद किया है। इसके अलावा 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब भी बरामद की गई है। यह कार्यवाही जिला आवकारी अधिकारी जेपी केवट के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।

# वार्ड 14 में 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क व नाली

## नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 14, सरस्वती स्कूल के पीछे स्थित गली में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य लगभग 20 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने वार्ड पार्षद शशि गोपाल ओझा सहित अन्य पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, गोपाल ओझा, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, विपिन शिवहरे, मोनू रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, राजकुमार यादव नगेश्री, योगेश खेरा, मनीष धुरेंटे, सतपाल लोधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री गौरव ठाकुर एवं वार्डवासी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और नाली निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और वार्ड की तस्वीर बदलेगी।

# यूरिया के अवैध परिवहन करने पर एफआईआर दर्ज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी करने पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार रोहित रघुवंशी के नेतृत्व में आर.आई. आर.सी. परिहार, एस.ए.डी.ओ. मुकेश रघुवंशी, ए.ई.ओ. पूनम चन्द द्वारा 03 दिसम्बर को बहेरिया तिराहा ईसागढ़ पर यूरिया उर्वरक की जिला अशोकनगर में रैक लगी होने के कारण सामान्य चैंकिंग की गई थी। यूरिया का अवैध रूप से परिवहन करने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुकेश रघुवंशी द्वारा थाना ईसागढ़ में एफआईआर दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि चैकिंग के दौरान गाडी क्रमांक एमपी 08 जेडी 1343 जिसमें एन.एफ.एल. कंपनी के यूरिया उर्वरक के 80 बैग, प्रति बैग 45 कि.ग्रा. भर्ती के तथा गाडी क्रमांक एमपी 67 जी 1666 में जिसमें एन.एफ.एल. कंपनी के यूरिया उर्वरक के 70 बैग, प्रति बैग 45 कि.ग्रा. भर्ती के भरे हुये थे जिनको रोककर वाहन चालकों जितेन्द कुमार पुत्र रामेत शर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी पछाडीखेडा रोड अशोकनगर एवं श्रवण पुत्र दयाराम जाटव उम्र 27 साल निवासी पिपरोदा उवारी थाना मायापुर जिला शिवपुरी से भरे उर्वरक के संबंध में कागजात मांगे गये तो वह कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर पाये तब मौके पर दोनों वाहनों के कोई कागज प्रस्तुत न करने के संबंध में एवं वाहन जप्त करने के संबंध में पंचनामा तैयार कर वाहनों को सुरक्षार्थ ईसागढ़ थाना भिजवाये गये। नायब तहसीलदार ऋतु परमार एवं आर. आई. आर.सी. परिहार, चैकीदार हीरा को बमनावर तरफ चैकिंग के लिये भेजा गया तो बमनावर के पास गाडी क्रमांक एमपी 07 जीए 7812 खड़ी हुई पाई गई। जिसको चैक करने पर उसमें एन.एफ.एल. कंपनी के प्रति बैग 45 कि. ग्रा. भर्ती के 90 बैग भरे हुये पाये गये।

# रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाता है: देवमुरारी बापू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नईसराय सुरई मैदान में श्री राम कथा वाचन करते अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाता है और दर्पण की तरह सच्चाई बताने वाला ग्रंथ है।

उन्होंने कहा कि सत्संगी की महिमा सुनते हुए कहा जीवन के सभी कार्यों को करते हुए सत्संग अवश्य सुनना चाहिए इससे निर्मल ज्ञान की प्राप्ति होती है और मोक्ष का साधन भी सुलभ होता है। व्यक्ति सत्कर्म, यज्ञ, जप,दान भी करता है लेकिन सत्संग के माध्यम से सुलभता से मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। रामचरितमानस की महिमा बताते हुए कहा जिस दिन व्यक्ति चरित्रवान बन जाता है वह राम के समान कहलाता है।

तुलसीदास जी ने उदाहरण देते हुए मनुष्य और राम की बराबरी में चरित्र रूपी कांटा बताया है और साथ ही यह भी कहा कि राम जी की कृपा के बिना आज सत्संग सुलभ नहीं हो सकता। गुरु और संतों की कृपा से ही सदमार्ग का रास्ता प्रशस्त होता है। प्रथम दिन सभी देवी देवताओं का बंदन कर आशीर्वाद लेने की परंपरा का निर्वहन करने के लिए बताया गया। गुरु वंदना करते हुए आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि जिस तरह से कमल में गुण स्वभाव और क्रिया तीन विशेषताएं होती हैं इसी तरह गुरु के जीवन में भी गुण स्वभाव और क्रिया होती है गुरु का कोई अपमान करता है तो बुरा नहीं मानते और सम्मान करते हैं तो ज्यादा प्रसन्न भी नहीं होते ऐसे गुरु के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। कथा के अंत में हनुमान जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि राम जी की कृपा हो और राम जी की शरण में हो तो हनुमान जी की तरह व्यक्ति का सारी दुनिया में यश फैल जाता है और राम जी की कृपा प्राप्त करने में सक्षम हो जाता है इसलिए हनुमान जी को प्रथम श्रोता मानकर ही संपूर्ण राम कथा सुनाना चाहिए। इसके साथ ही हनुमान जी का भक्ति में भजन सुनते हुए आरती के पश्चात कथा को विश्राम दिया कथा इस मौके पर कथा के व्यवस्थापक व आज के यजमान सुरेश सिंह रघुवंशी डुंगासरा वाले ने रामचरितमानस की पूजा अर्चना की और आरती उतारी।



### 5 किलोमीटर दौड़ में टीएव्ही स्कूल के आर्यन बागड़ी प्रथम

**मुंगावली।** ब्लॉक स्तरीय सासंद खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुंगावली में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर में जूनियर बालक राहुल तिवारी प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर आदर्श अहिरवार अचलगढ़ और तृतीय स्थान पर अंतरिक्ष राजपूत मॉडल स्कूल रहा। इसी प्रकार 100 मीटर बालिका में जूनियर वर्ग में मौसमी यादव, बहादुरपुर प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर राधिका लोधी और द्वितीय स्थान पर रही रितिका यादव बहादुरपुर। 100 मीटर सीनियर में राधिका अहिरवार और 5 किलोमीटर जूनियर में बालक में आर्यन बागड़ी प्रथम और मोहित सांसी दूसरे स्थान पर रहे। 5 किलोमीटर सीनियर वर्ग में गोपाल धनक प्रथम स्थान और बलराम अहिरवार बहादुरपुर सेकंड स्थान पर रहे। गोला फेंक में बालिका वर्ग में दिव्या अहिरवार बहादुरपुर प्रथम स्थान पर और रश्मि यादव द्वितीय स्थान पर रही गोला फेंक सीनियर में किसी ने भाग नहीं लिया। लंबी कूद जूनियर मैं प्रथम स्थान राहुल तिवारी और आदर्श अहिरवार अचलगढ़ द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद सीनियर में आर्यन बागड़ी प्रथम स्थान और हर्ष क्रिकटा द्वितीय स्थान पर रहे। आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, एड के एल कुशवाहा उपस्थित रहे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को मेडल बनाकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम को करने में विशेष रूप से ब्लॉक खेल अधिकारी मनोज राठौर, शिक्षक अंसार खान जमीदार, सलीम खान अचलगढ़, आशीष चिंडारिया, पवन पाल, प्रदीप लोधी, संतोष ककुशवाहा,महेंद्र प्रताप सिंह, खेल प्रशिक्षक जावेद खान, बृजेंद्र अहिरवार, शिक्षिका सुजाता श्रीवास्तव, रेनू ओझा, नविता जैन, सहित खिलाड़ी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल प्रतियोगिता-2025 के अंतर्गत परम्परागत खेलों में 03 दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताऐं जिले के चारों विकासखंड पर आयोजित कराई जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड अशोकनगर में विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत संजय स्टेडियम अशोकनगर में आयोजन के तीसरे दिवस एथेलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुंई।

इससे पूर्व 08 दिसम्बर को कबडडी, खो-खो, व्हालीबॉल एवं 09 दिसम्बर को रस्साकसी, गिल्ली डंडा ,सितौलिया, चपेटा, अष्टा चंगा के खेल आयोजन हुए। बुधवार 10 दिसम्बर को प्रतियोगिता के तीसरे दिन 1000 मीटर दौड बालक जूनियर वर्ग में पीयूष कुशवाह प्रथम, गोलू कुशवाह द्वितीय एवं असिक यादव तृतीय स्थान पर रहे। बालिका 1000 मीटर जूनियर वर्ग में प्रतिका रावल प्रथम, दीप्ती लोधी द्वितीय एवं प्रख्याति गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। 1000 मीटर दौड बालक सीनीयर वर्ग में सुमित रघुवंशी प्रथम, विवेक रसानिया द्वितीय एवं अभिषेक कुशवाह तृतीय रहे। वहीं बालिका सीनीयर 1000 मीटर दौड में रजनी अहिरवार प्रथम, एवं मुस्कान कुशवाह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर सीनियर बालक वर्ग दौड में हर्ष मराठा ने प्रथम एवं सिद्धार्थ ने द्वितीय स्थान एवं 5000 मीटर जूनियर वर्ग में गुरजोत सिंह से प्रथम व ओम यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक बालक जूनियर वर्ग में विवेक रसानिया ने प्रथम, मानवेन्द्र सेन ने द्वितीय एवं भगवान सिहं ने तृतीय स्थान जबकि सीनीयर वर्ग में रिंकू राजपूत ने प्रथम, सक्षम शर्मा ने द्वितीय एवं अमित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोलाफेंक जूनियर बालिका वर्ग में दीप कौर, तारा सदन ने प्रथम, स्मित कौर तारा सदन ने द्वितीय, एवं रूचि यादव संस्कार स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉंग जम्प बालक वर्ग जूनियर वर्ग में असिक यादव प्रथम, पीयूष कुशवाह द्वितीय, दीपक शर्मा तृतीय रहे। सीनीयर वर्ग में अभिषेक कुशवाह प्रथम, सुमित रघुवंशी द्वितीय एवं अमित यादव तृतीय स्थान पर रहे। लॉंग जम्प बालिका वर्ग जूनियर वर्ग में संगीता यादव ने प्रथम, कनिका जैन ने द्वितीय एवं रानी प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खिलाड़ियों की हौसला आफजाई करने हेतु आज प्रतियोगिता के लगातार तीसरे दिवस पर जजपाल सिंह पूर्व विधायक अशोकनगर के साथ भाजपा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र रघुवंशी, सचिन चैधरी पूर्व उपाध्यक्ष, मनोज उपाध्याय, महेन्द्र भारद्वाज अध्यक्ष जनभागीदारी नेहरू महाविधालय, राजकुमार यादव, सोनू सुमन, मनीष धुरेंटे पार्षद सहित जनप्रतिनिधिगण, अरूण रघुवंशी खेल अधिकारी, ओ.पी. शर्मा क्रीडा अधिकारी व खेल प्रशिक्षक अवधेश आदि रहे मौजूद।


### संबंधित व्यापारी के सभी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग

# मारपीट का मामला गर्माया, सैकड़ों किसानों ने मंडी में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

मंगलवार को कृषि उपज मंडी परिसर में किसान से हुई मारपीट का मामला अब गर्मा गया है। बुधवार को इसी मामले को लेकर मंडी परिसर में सैकड़ों किसानो ने प्रदर्षन करते हुए व्यापारी सलीम मंसूरी और उसके परिजनों के सभी लायसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है। किसानो ने चार दिनों के भीतर कार्रवाई नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी जारी की है। इस दौरान किसानो ने इस घटना की कड़े शब्दो में निंदा करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहित पुलिस प्रषासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होने किसानो को समझाईष दी। तब जाकर कही मामला शांत हुआ लेकिन किसान व्यापारी के लाईसेंस निरस्ती की मांग पर अड़े हुए है।




श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय
नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र.)

विषय : सलीम ट्रेडर्स का लायसेन्स निलंबित करने उनके अतिक्रमण हटाने हेतु प्रार्थना पत्र ।

महोदय,

उपरोक्त विषय में श्रीमान जी से निवेदन है कि नरसिंहगढ में मण्डी में सलीम ट्रेडर्स के कर्मचारियो द्वारा किसानो के साथ मारपीट की घटना हुई मण्डी मे किसानो की देखरेख में मण्डी डाक में तेज भाव में माल खरीदने के बावजूद भी कॉटे पर लाकर उनके भाव को कम करता है मनमाने भाव में माल तोलता है किसानो के विरोध करने पर सलीम एवं उसके भानेजो द्वारा किसानो के साथ गाली गलोच अभद्र व्यवहार किया जाता है । मारपीट की घटना की जाती है उनके अनेक प्रकरण समय समय पर किसानो द्वारा मण्डी समिति में कई बार शिकायत हो चुकी ... प्रकार की घटना आम बात है कल नाईहेडी के एक किसान के साथ सलीम एवं उसके भानेज द्वारा मारपीट की गई एवं जानलेवा हमला किया गया । इस प्रकार का लूट फरामोश का काम प्रतिदिन सलीम ट्रेडर्स द्वारा किया जाता है । किसानो का शोषण प्रतिदिन होता है अभी तक मण्डी प्रशासन द्वारा सलीम ट्रेडर्स पर कोई कार्यवाही नही गई किसान संगठन जिलाधीश महोदय से यही मांग करता है कि सलीम ट्रेडर्स के चारो लायसेन्स निरस्त किए जाए यह मण्डी अधिनियम और लायसेन्स शर्तो का स्पष्ट उल्लघंन करता है इस प्रकार के कृत्य से मण्डी की व्यवस्था एवं किसानो की सुरक्षा दोनो प्रभावित होती है । सलीम ट्रेडर्स का अवेध अतिकमण मण्डी परिसर सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा कर किसानो की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करती है । लायसेन्स शर्तो का उलघन मारपीट करना किसानो पर दबाव बनाना, मण्डी की शांती भंग करना ऐसे मामलो में लायसेन्स स्थगन आवश्यक है ।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि तत्काल प्रभाव से इसके चारो लायेसेन्स तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाए । अवेध शासकी भूमि पर बने गोडाउन भवन को भी तत्काल प्रभा...

10/12/25

### किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

मारपीट के खिलाफ किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें सलीम टेडर्स का मंडी लायसेंस निरस्त करने की मांग की एवं उसके द्धारा मंडी में किए गए अवैध अतिक्रमण पर भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि सलीम टेडर्स के पास 4 लायसेस है जिनके आधार पर यह मंडी का काम करता है

### बोली में लगाया ज्यादा भाव - तौल कांटे पर पहुंचकर किया कम

किसान संगठन ने अपने ज्ञापन में बताया गया कि सलीम टेडर्स द्धारा मंडी में किसान की फसल का भाव अधिक लगाकर उसे बुक कर लिया गया और तौल कांटे पर जाकर भाव कम करने से यह विवाद बढ गया इसमें नाईहेडी के किसान के साथ सलीम ट्रेडर्स के संचालक एवं उसके परिजनों ने मारपीट कर दी जिससे किसानों में आक्रोश बढ गया।

### इनका कहना है...

मंडी व्यापारी द्वारा किसान से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है। लाइसेंस निरस्ती को लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर रहे है। जांच उपरांत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

- सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़

## किसी को नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकी

**राजगढ़।** क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर की उपस्थिति में जिले में चल रहे सड़कों एवं अवसरंचना कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित इंजीनियरों, सब-इंजीनयरों के कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यों में लापरवाही बरतने वालों में से किसी को शोकाज नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुपस्थित उप-अभियंता सुनील सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह उप-अभियंता दिवाकर दुबे के कुछ कार्य अत्यंत धीमी गति से चलने पर उनकी वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए गए। उप-अभियंता अनिल जालौन को भी कार्यों की धीमी प्रगति पर शोकाज नोटिस जारी किया गया। संजीव वर्मा की बैठक में अनुपस्थिति तथा लगातार 15 दिनों से कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति संबंधी नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह उप-अभियंता जीतेंद्र उमठ एवं सहायक अभियंताओं की विभिन्न लापरवाही पर उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

### एक दिन पूर्व ही पकड़ाया था जुआ का अड्डा

# खुजनेर थाना प्रभारी यादव समेत 1 आरक्षक लाइन अटैच




हरिभूमि न्यूज ⏭. राजगढ़

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने खुजनेर थाना प्रभारी शिवचरण यादव समेत थाने में ही पदस्थ आरक्षक दिलीप प्रजापति को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया है। एसपी श्री तोलानी द्वारा जारी आदेश में उक्त कार्यवाही के संबंध में भलेंही प्रशासनिक कार्यसुविधा का हवाला दिया गया है लेकिन आमजनों द्वारा इसे खुजनेर क्षेत्र में चल रहे जुएं के बड़े अड्डे के संचालन से जोड़कर देखा जा रहा है।

आपको बतादें कि मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को विश्वसनीय सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के बाद खुजनेर थानाक्षेत्र के गोपालपुरा गांव के एक खेत में ताश की बड़ी फड़ पर दबिश दी गई थी। जिला पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में पुलिस की इस दबिश के दौरान 20-22 लोग जुआं खेलते पाए गए थे जिनमें से कईं अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे वहीं 04 लोगों को पुलिस ने 80 हजार रुपए नकदी सहित ताश की कई गड्डियों के साथ पकड़ा था। मौके से 22 मोटर साइकिलें भी जब्त की गई थी। ये बाईकें उन्हें जुआरियों की बताई जा रही हैं जो वहां ताश खेल रहे थे और पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हुए थे।

### खुजनेर पुलिस को बड़े क्राइम की भनक तक नहीं

इतनी बड़ी संख्या में जुआरियों का एक ही अड्डे पर जुआं खेलना और खुजनेर पुलिस को इसकी भनक तक न लगना कहीं न कहीं जुआरियों से संलिप्तता उजागर करता है। संभवतः इन्हीं कारणों से एसपी तोलानी ने टीआई शिवचरण यादव को लाईन अटैच करने की कार्यवाही की है। हालांकि, जारी आदेश में इस बात का उल्लेख नहीं है।

### सभी सेवानिवृत्तों को प्रदान किए पीपीओ, सम्मान के साथ विदाई

# नवंबर में जिले के विभिन्न विभागों से 22 लोकसेवक हुए रिटायर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ जिले में ही एक समय ऐसा था जब सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी पेंशन, ग्रेज्युटी, भविष्य निधि सहित अन्य सत्वों के भुगतान के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाना पड़ते थे। कईं मामलों में तो कर्मचारियों को न्यायालय का सहारा तक लेने के उदाहरण जिले में हैं, तब कहीं जाकर उन्हें पेंशन उपरान्त मिलने वाले हक उन्हें मिल पाए।

लेकिन, अब अब जिला प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विभिन्न सत्वों के भुगतान की प्रक्रिया न केवल बेहद सरल कर दी है। अब रिटायर्ड कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति दिनांक को ही उनके पीपीओ प्रदान कर अन्य सत्वों का भुगतान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत नवंबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 22 अधिकारियों, कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा पीपीओ प्रदान शॉल, श्रीफल इत्यादि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### ये अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

नवंबर में रिटायर्ड हुए लोकसेवकों में शिक्षा विभाग के अशोक कुमार शर्मा, चन्द्रकला नारोलिया, मनोरमा चैरसिया, अर्जुन सिंह चैहान, ओमप्रकाश शर्मा, गुलाब शाक्यवार, शिवनारायण सौधिया, इन्द्रा शर्मा, गीता जोशी, घनश्याम शर्मा, सुधा, निगार सुल्ताना, कैलाश सिंह, श्रीमति प्रेमबाई मेहर, कमल सिंह बडगोटा, अर्जुन कुमार वात्रे, निर्मला पंवार, बीरम सिंह मरमट, कमल किशोर शर्मा, ओमप्रकाश सेन, स्वास्थ्य विभाग से उमा मेवाडे, रामनिवास त्यागी, जल संसाधन से प्रकाश कुमार हलवा, दिनेश गुप्ता, पीएचई से ब्रजेश शर्मा, कौशल्या बाई, आदिम जाति कल्याण विभाग से सज्जन सिंह चन्द्रावत, पुलिस विभाग से अनूप शर्मा लाखन सिंह शामिल हैं।

### गायत्री परिवार कर रहा 24 कुंडीय महायज्ञ

# मांडनों से सजाई यज्ञ वेदियां आज निकलेगी कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गायत्री परिवार के तत्वावधान में मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा एवं 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन आगामी दिनों में होने जा रहा है। इसी कड़ी में समिति से जुड़े श्रृद्धालुओं व मातृ-शक्तियों द्वारायज्ञ स्थल की वेदियों को पारंपरिक मांडनों से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य तैयारियां भी वृहद स्तर पर की जा रही हैं। गायत्री परिवार सदस्यों ने बताया कि समारोह की कड़ी में आज गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे से गायत्री प्रज्ञा भवन से एक भव्यतम कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें 501 कन्याएं, मातृ-शक्तियां सिर पर कलश धारण करते हुए साथ चलेंगी। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः प्रज्ञा भवन पहुंचकर समाप्त होगी। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी अनिल शर्मा ने नगर सहित जिले भर के श्रृद्धालुओं से इस धार्मिक महत्व के आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने का आगृह किया है। वहीं, नगर की मातृ-शक्तियों को भी कलश-यात्रा में आधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने आमंत्रित किया गया है।

### आठ दिन में व्यवस्था सुधारने प्रशासन ने कसी कमर

# लेन मोहल्ले में शिफ्ट हांगे हाथ ठेले बीच सड़को से हटेंगे कंडम वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था के मद्देनजर बुधवार को थाना परिसर में प्रशासनिक अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित कर अव्यवस्थाओं के सुधार पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य बाजार में बीचो बीच सड़क पर खड़े हाथ ठेलो का मुद्दा छाया रहा। जिसको लेकर अब प्रशासन बाजार से हाथ ठेले हटवाकर उन्हे लेन मोहल्ले में स्थान दिए जाने की कार्रवाई सुनिष्चित कर रहा है। इसके साथ ही बीच सड़को पर खड़े वाहन, कंडम वाहन को भी सख्ती से हटवाया जाएगा। प्रषासनिक अधिकारियो ने नगर के सुभाष चैक में भी बीच सड़को पर हो रहे अतिक्रमण को भी हटवाए जाने का निर्णय लिया है। प्रषासनिक अधिकारियो ने आठ दिन के भीतर सभी व्यवस्थाऐं सुनिष्चित किए जाने की बात कही है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, एसडीओपी मिनी शुक्ला, तहसीलदार विराट अवस्थी, सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी और आमजन मौजूद थें।

**बैंक के सामने सड़को पर पार्क नही होंगे वाहन** -शहर के मुख्य मार्गो पर बीच सड़को पर वाहन खड़ा न करने की हिदायत देने के लिए प्रषासन शहर में मुनादी करवा रहा है। उन्होने नियत समय सीमा में सड़क पर खड़े कंडम वाहनो को नही हटवाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की बात कही है।

### इनका कहना है...

शहर में बिगड़ती व्यवस्थाओं को सुधार के लिए बैठक आयोजित कर सामूहिक निर्णय लिए गए है। हाथ ठेलो को लेन मोहल्ले में जगह दी जाएगी। सड़क से अतिक्रमण हटाकर पार्किंग के लिए भी जगह तलाष रहे है। नागरिको से भी व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की है।

- सुशील कुमार एसडीएम नरसिंहगढ़

# जीआरपी ने गुम हुई 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेटे से मिलाया



**ब्यावरा।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली जीआरपी ब्यावरा ने महज 24 घंटे के भीतर गुमशुदा 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तलाशकर उनके बेटे से मिलाया। घटना के अनुसार ग्राम सुबेदारपुरवा उत्तर प्रदेश निवासी मनोज कुमार अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान मनोज की मां कामती देवी (60 वर्ष) बाथरूम जाने के लिए कहकर गईं, लेकिन नहीं लौटीं। सहयात्रियों से जानकारी मिली कि वे अचानक स्टेशन ब्यावरा पर उतर गई थीं। बेटे की रिपोर्ट पर थाना जीआरपी ब्यावरा ने गुम इंसान दर्ज कर खोज अभियान शुरू किया। शहर के प्रमुख स्थानों, थानों, मीडिया संस्थानों और डायल-100 को सूचना प्रसारित की गई। पुलिस की सतर्कता रंग लाई जब थाना देहात ब्यावरा को सूचना मिली कि एक बुजुर्ग महिला इंदौर नाके के पास टोल प्लाजा पर दिखाई दी हैं। डायल-100 की मदद से उन्हें सुरक्षित थाना लाया गया। बाद में बेटे मनोज कुमार को बुलाकर पहचान कराई गई और पुलिस टीम ने कामती देवी को सकुशल उनके परिवार को सुपुर्द कर दिया। जीआरपी की कार्रवाई से रेल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

मानव अधिकार दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बोले

# ‘मानव अधिकार तभी सुरक्षित जब इंसानियत दिलों में जिंदा रहे’



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जब तक हम व्यक्ति को व्यक्ति नहीं समझते तब तक मानवाधिकार सिर्फ किताबों तक सीमित रहेंगे। इसी संदेश के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने मंगलवार को मानवाधिकार दिवस मनाया।

संस्था के नए कोहॉर्ट के पीस वॉलंटियर्स ने सम्मिलित होकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की गहराई से समझ विकसित की।कार्यक्रम के आरंभ में समाज में बढ़ती असमानताओं, भेदभाव, हिंसात्मक घटनाओं और कमजोर वर्गों के प्रति हो रहे अन्याय पर चर्चा से हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में युवा जागरुकता ही सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है।

यदि समाज चुप रहेगा, तो अन्याय और अत्याचार और बढ़ेंगे। इसलिए हर नागरिक का दायित्व है कि वह अन्याय और कुरीतियों के खिलाफ खड़ा हो। सत्र के दौरान महिलाओं, बच्चों, युवाओं और पुरुषों पर होने वाली हिंसा, शोषण, उत्पीड़न और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि ग्रामीण और वंचित समुदायों में बाल-विवाह एवं बाल सगाई आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं, जो मानवाधिकारों के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।

**समानता, न्याय और गरिमा-मानवाधिकारों की बुनियाद-** कार्यक्रम में युवाओं को मानवाधिकारों के चार मूल स्तंभ- समानता, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार का भेदभाव नकारना, कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना और समाज में समान अवसर उपलब्ध कराना जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। संस्था के अरुण सातालकर ने कहा कि अधिकारों की समझ तभी सार्थक है, जब नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।

## जादू नहीं, विज्ञान है- शासकीय सांदीपनि विद्यालय में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन




**नरसिंहगढ़।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के सभागार में बुधवार को जादू नहीं, विज्ञान है विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य समाज में फैली अंधविश्वासी प्रथाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाना और उनका वैज्ञानिक आधार उजागर करना था। कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से ढोंगी बाबाओं, गुनिया, ओझा तथा पाखंडी तंत्र-मंत्र के कथित चमत्कारों का पर्दाफाश किया। जिनमे पानी में आग लगना, नारियल से धुआं निकलना, भूत-प्रेत और चुड़ैल संबंधी भ्रांतियां , नींबू से खून निकलने का भ्रम, कोरे कागज पर प्रेतात्मा का नाम लिख जाना,पीलिया रोगी के हाथ से पीला रंग निकलना, पानी से भरा गिलास थाली से चिपक जाना आदि शामिल थे। जिनका बच्चों ने रासायनिक अभिक्रियाओं और वैज्ञानिक सिद्धांतों के आधार पर तार्किक खुलासा किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, प्राचार्य बी. डी. सक्सेना, शिव वैध, रमेश मालवीय, सत्येन्द्र राठौड़, भरत झवर, अभिषेक गुप्ता, मुन्ना साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाराजा मेहताब सिविल अस्पताल के हाल-बेहाल

**ब्यावरा।** ब्लड प्रेशर बढने के बाद अचेत अवस्था में अपनी पत्नी को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पति का 1 घंटे से ज्यादा परेशान होना पडा तब कहीं जाकर उनकी पत्नी को प्राथमिक उपचार मिल पाया। मामला मंगलवार की शाम 5 बजे का है जब अफरोज बी को उनके पति द्धारा अचेत अवस्था में सिविल अस्पताल ले जाया गया। परंतु वहां पर ओपीडी में अधिकतर डॉक्टर उपस्थित ही नहीं थे सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे अस्पताल चल रहा है। उनके पास पहुंचते पहुंचते 1 घंटा 15 मिनट हो गए तब कहीं जाकर बेहोशी की हालात में पहुंच चुकी अफरोज को इलाज मिल पाया। लेकिन इससे सरकारी अस्पताल में चल रही लापरवाही की पोल जरूर खुल जाती है कि कोई देखने वाला नहीं है।

# पर्यटन स्थल पहुंचकर बच्चों ने खूब उठाया लुत्फ



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल आनंद का शहर मांडवगढ़ जो खूबसूरत पर्यटक स्थल के लिए विख्यात है उसी के साथ धार्मिक स्थल महाकाल दर्शन एवं महाकाल लोक, जहाज महल, रूपमती महल , हिंडोला महल, इको प्वाइंट के बारे में गाइड द्वारा मांडव के इतिहास को समझाया तथा बच्चों को इससे मिलने वाली जानकारी से अवगत कराया गया। जहां पर प्राचीन महल निर्माण में सीमेंट की जगह चूना से तैयार 10 प्रकार की सामग्री मिलाकर निर्माण होता था जो मजबुती पर प्रकाश डाला। भ्रमण दल में प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवचरण दांगी , खेल शिक्षक महेंद्रसिंह सोनगरा , रामेश्वर बरदानियां , दिलीप राठौर , राधेश्याम तोमर , अंकुश भावसार , कृपाल सोलंकी , जितेंद्र कारपेंटर सहित शिक्षिका भी भ्रमण दल में शामिल हुए। बच्चों ने आनंद ओर उत्साह के साथ भ्रमण किया।

### देश का पहला प्लांट का मिला था गौरव, टाटा बीपी ने किया था स्थापित

# 100 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्लांट देखरेख के अभाव में बना खंडहर

3 करोड 60 लाख की लागत से जैतपुरा में लगाया गया यह आधुनिक प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैतपुरा





लगातार हो रही बिजली की कमी और आमजनता की जेब पर बढता उसका बिल ऊर्जा के क्षेत्र में दूसरे प्रयोगों के उपयोग की जरूरत को बल देता है। इसीलिए आज नए नए प्रयोंगो द्धारा विंड एनर्जी एवं सौर ऊर्जा के प्रयोग पर बल दिया जा रहा है। को दूर करने के लिए 1997-98 में जिले के खिलचीपुर जनपद में देश का पहला सौर ऊर्जा प्लांट जैतपुरा में स्थापित किया गया। जिससे 100 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होता था जिसको विधुत विभाग के ग्रिड से जोड दिया गया था और बिजली की ग्रामीणों तक पहुंचती थी।

इस सौर ऊर्जा प्लांट का मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी पहली पारी में स्थापित किया था और जिसका स्टॉलेशन जैतपुरा में टाटा बीपी कंपनी द्धारा 3 करोड 60 लाख की लागत से किया गया था परंतु देश का प्रथम सौर ऊर्जा कहा जाने वाला यह प्लांट 2007 में बंद हो गया और आज इसकी स्थिती यह है कि वह एक जंगल बन गया है।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले - कम पैसे में मिल जाती थी बिजली

उस समय सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले प्रत्यक्षदर्शियों में गणेश सेन बताते है कि कई गांव सौर ऊर्जा का उपयोग कर लाभांन्वित होते थे परंतु चलता हुआ यह सौर ऊर्जा प्लांट देख रेख के अभाव में बंद हो गया।

### एक बार फिर बढ़ने लगा सौर ऊर्जा का महत्व

सरकार ने एक बार फिर सौर ऊर्जा पर जोर देना शुरू कर दिया है जिसमें सरकार सब्सीडी देकर सौर ऊर्जा के उपयोग का बढाना चाह रही है जिससे हाइड्रो पावर और थर्मल प्लांट पर बढ रहा विधुत लोड को कम किया जा सके। इसी बात को देखते हुए 3 दशक पूर्व जिले में पहले सौर ऊर्जा प्लांट की नींव रखी गई थी परंतु प्रशासन व शासन की कमी से जैतपुरा सौर प्लांट बंद हो गया।